राजस्थान सरकार



# हवामहल

(कोरोना समय में बच्चों का झरोखा)

**20 फरवरी 2021: शनिवार: अंक – 43**

RSCERT Udaipur



## गाँव का बच्चा
**आज की कहानी**

"एक अफ़्रीकी कहावत है – 'एक बच्चे के लालन-पालन में पूरा गाँव लगता है'। पूरा गाँव एक परिवार की तरह होता है। यह उसी भाईचारे की कहानी है। कोकू की यह कहानी इसी बात को सिद्ध करती है। इस कहानी को सुनने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें।"

3 – 14 वर्ष के बच्चों के लिए | एकलव्य




## चमनलाल के पायजामे
**आज की कहानी**

"उमरिया में चमनलाल काजू बादाम वाले सेठ हैं। एक दर्जी के पास अपने पायजामे सिलने को देते हैं। इसी को चमत्कारी तरीके और एक शानदार किस्से के रूप में प्रस्तुत किया है लेखक ने। इस कहानी को सुनने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें।"

6 – 14 वर्ष के बच्चों के लिए | इकतारा




## फुलिया और मुनिया
**आज की किताब**

"बकरियों के बाड़े से छींकने की आवाज़ आई तो फुलिया बिस्तर से चौंक कर उठा। वह मुनिया की छींक थी। मुनिया प्यारा सा मेमना था। लेकिन आज उसे बुखार था। फुलिया का मन अब किसी काम में नहीं लग रहा था। इस मार्मिक कहानी को पढ़ने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें।"

6 – 14 वर्ष के बच्चों के लिए | रूम टू रीड




## नाचता हुआ क्यूब
**आज की गतिविधि**

"यह पेपर क्यूब्स का एक बहुत ही गतिशील तीन आयामी मॉडल है। ये क्यूब्स आसानी से घूम और मुड़ सकते हैं। यह बनाना काफी सरल है। इसके लिए कागज, टेप और कैंची की जरूरत है। एक बार तैयार होने के बाद आप घन को घुमा सकते हैं। इस गतिविधि को आपके लिए अरविंद गुप्ता जी प्रस्तुत कर रहे हैं। गतिविधि के वीडियो के लिए चित्र पर क्लिक करें।"

6 – 14 वर्ष के बच्चों के लिए | अरविंद गुप्ता टॉयज़



## गतिविधियों से भाषा शिक्षण
**टीचर्स कॉर्नर**

"आमतौर पर विद्यालयों में भाषा शिक्षण के कुछ खास और बरसों से चले आ रहे अभ्यास ही बच्चों से करवाए जाते हैं। माना जाता है कि इन अभ्यासों के जरिए बच्चे पढ़ने-लिखने का कौशल सीख जाएँगे। इस आलेख में आप पढ़ेंगे। भाषा शिक्षण की कुछ गतिविधियों के बारे में।"

शिक्षकों के लिए | संदर्भ




#घरमेंरहें

#आनन्दसेपढ़ें

**सूचना** – हवामहल के माध्यम से कहानियों के प्रसारण हेतु शिक्षक साथी अपनी पसंदीदा कहानियों का ऑडियो, किताब एवं लेखक के विवरण सहित हमसे hawamahal.rscert@gmail.com पर साझा करें। ऑडियो की अवधि 5 मिनिट से अधिक न हो एवं गुणवत्ता अच्छी हो।

आज का अंक आपको कैसा लगा ? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।

www.rajteachers.com